ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow

# विद्यापरिषद की 17वीं बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 26 फरवरी 2024 अपरान्ह् 03:00 बजे सभागार में सम्पन्न विद्या परिषद् की 17वीं बैठक की कार्यवाही में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित रहें :—

| | | |
|---|---|---|
| 1— | प्रो0 एन0बी0 सिंह, माननीय कुलपति | — अध्यक्ष। |
| 2— | प्रो0 बलराज चौहान, पूर्व कुलपति, डॉ0 राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय लॉ विश्वविद्यालय, लखनऊ। | — सदस्य। |
| 3— | प्रो0 पवन अग्रवाल, हिन्दी विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ। (Online) | — सदस्य। |
| 4— | प्रो0 मसऊद आलम, संकायाध्यक्ष, कला एवं मानविकी संकायाध्यक्ष/ पुस्तकालय प्रभारी। | — सदस्य। |
| 5— | प्रो0 माहरूख मिर्जा, आचार्य, वाणिज्य विभाग। | — सदस्य। |
| 6— | प्रो0 सैय्यद हैदर अली, विभागाध्यक्ष, व्यवसाय प्रशासन विभाग। | — सदस्य। |
| 7— | डॉ0 रूचिता सुजय चौधरी, प्रतिनिधि—सामाजिक विज्ञान संकाय। | — सदस्य। |
| 8— | प्रो0 एहतेशाम अहमद, संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय। | — सदस्य। |
| 9— | प्रो0 तनवीर खदीज़ा, विभागाध्यक्ष, अंग्रेज़ी विभाग। | — सदस्य। |
| 10— | प्रो0 फखरे आलम, विभागाध्यक्ष, उर्दू विभाग। | — सदस्य। |
| 11— | प्रो0 सौबान सईद, आचार्य, उर्दू विभाग/अधिष्ठाता—शैक्षणिक। (Online) | — सदस्य। |
| 12— | डॉ0 मुशीर अहमद, सह—आचार्य, व्यवसाय प्रशासन विभाग। | — सदस्य। |
| 13— | डॉ0 प्रवीण कुमार राय, विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग। | — सदस्य। |
| 14— | डॉ0 मोहम्मद अकमल, सहायक आचार्य, उर्दू विभाग। | — सदस्य। |
| 15— | डॉ0 वसी अहमद आज़म अंसारी, सहायक—आचार्य, उर्दू विभाग। | — सदस्य। |
| 16— | डॉ0 पूनम चौधरी, सहायक आचार्य, इतिहास विभाग। | — सदस्य। |
| 17— | डॉ0 भावना मिश्रा, कुलसचिव। | — सदस्य सचिव। |

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से कुलसचिव द्वारा समस्त सदस्यों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। कुलसचिव द्वारा प्रस्तुत कार्यसूची पर विद्या परिषद् द्वारा बिन्दुवार निम्नांकित निर्णय लिये गये :—

**बिन्दु सं0—1 विद्यापरिषद् की 16वीं बैठक दिनांक 04 जनवरी, 2024 की के कार्यवृत्त के सम्पुष्टिकरण पर विचार।**

परिषद् द्वारा विद्यापरिषद् की 16वीं बैठक दिनांक 04, जनवरी 2024 के कार्यवृत्त को सम्पुष्ट किया गया।

**बिन्दु सं0—2 विद्यापरिषद् की 16वीं बैठक दिनांक 04 जनवरी, 2024 की कृत कार्यवाही। (ATR)**

परिषद् द्वारा विद्यापरिषद् की 16वीं बैठक दिनांक 04 जनवरी, 2024 की कृत कार्यवाही से संसूचित हुयी।

Bmisha

कुलपति
ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ

**बिन्दु सं0–3** **दिनांक 19.01.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्यवसाय प्रशासन तथा विषय प्रभारी, कम्प्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के साथ आहूत बैठक के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।**

कुलसचिव महोदय द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्र संख्या–D-No. 2-79/2023(CPP-II) दिनांक 08 जनवरी 2024 में उल्लिखित व्यवस्था के सम्बन्ध में बी0बी0ए0 / एम0बी0ए0 / बी0सी0ए0 / एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों को ए0आई0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त करने हेतु किये गये आवेदन से परिषद् के सदस्यों को संसूचित कराया गया।

तत्क्रम में प्रो0 सैय्यद हैदर अली द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्र संख्या–D-No. 2-79/2023(CPP-II) दिनांक 08 जनवरी 2024 के अनुपालन में बी0बी0ए0 / एम0बी0ए0 / बी0सी0ए0 / एम0सी0ए0 पाठ्यक्रमों को ए0आई0सी0टी0ई0 से मान्यता प्राप्त करने हेतु पोर्टल पर ऑनलाइन फीस जमा करते हुये आवेदन किया जा चुका है तथा अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु Log-In ID प्राप्त कर ली गयी है।

तदनुसार विद्या परिषद् द्वारा प्रो0 सैय्यद हैदर अली एवं उनकी टीम की सराहना करते हुये विश्वविद्यालय को बधाई दी गयी।

उक्त कृत कार्यवाही से अवगत होते हुये दिनांक 19.01.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्यवसाय प्रशासन तथा विषय प्रभारी, कम्प्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के साथ आहूत बैठक के कार्यवृत्त पर सर्वसम्मति से अनुमोदन भी प्रदान किया गया।

**बिन्दु सं0–4** **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या–2–79 / 2023 (सी0पी0पी0–II) दिनांक 08 जनवरी, 2024 के अनुपालन में विश्वविद्यालय में संचालित व्यवसाय प्रशासन विभाग के बी0बी0ए0 एवं एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम को ए0आई0सी0टी0ई0 से मान्यता दिलाने हेतु आवेदन किये जाने पर कार्योत्तर अनुमोदन।**

विद्या परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या–2–79 / 2023 (सी0पी0पी0–II) दिनांक 08 जनवरी, 2024 के अनुपालन में विश्वविद्यालय में संचालित व्यवसाय प्रशासन विभाग के बी0बी0ए0 एवं एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम को ए0आई0सी0टी0ई0 से मान्यता दिलाने हेतु आवेदन किये जाने पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया। समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि बी0बी0ए0 एवं एम0बी0ए0 में जो शिक्षक पूर्व से नियुक्त है, उनपर तत्समय यू0जी0सी0 के निर्धारित नियम / शर्तें / शासनादेश लागू होंगे। इन विभागों में भविष्य में होने वाली नियुक्तियों पर ए0आई0सी0टी0ई0 के मानकों के अनुसार नियुक्तियाँ की जायेगी।

Anisha

कुलपति
ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती
भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ

**बिन्दु सं0–5** **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या–2–79/2023 (सी0पी0पी0–II) दिनांक 08 जनवरी, 2024 के अनुपालन में विश्वविद्यालय में संचालित कम्प्यूटर साइंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के बी0सी0ए0 एवं एम0सी0ए0 पाठ्यक्रम को ए0आई0सी0टी0ई0 से मान्यता दिलाने हेतु आवेदन किये जाने पर कार्योत्तर अनुमोदन।**

विद्या परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली के पत्र संख्या–2–79/2023 (सी0पी0पी0–II) दिनांक 08 जनवरी, 2024 के अनुपालन में विश्वविद्यालय में संचालित व्यवसाय प्रशासन विभाग के बी0बी0ए0 एवं एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम को ए0आई0सी0टी0ई0 से मान्यता दिलाने हेतु आवेदन किये जाने पर कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया गया। समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि बी0सी0ए0 एवं एम0सी0ए0 में जो शिक्षक पूर्व से नियुक्त है, उनपर तत्समय यू0जी0सी0 के निर्धारित नियम/शर्तें/शासनादेश लागू होंगे। इन विभागों में भविष्य में होने वाली नियुक्तियों पर ए0आई0सी0टी0ई0 के मानकों के अनुसार नियुक्तियाँ की जायेगी।

**बिन्दु सं0–6** **विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय द्वारा दो (2) सार्टिफिकेट अल्पकालिक रोजगारपरक कोर्स (प्रोग्राम 06 माह की अवधि के) सत्र 2024–25 के अनुमोदन हेतु विचार।**

1. **Certificate Course in Enterpreneurship Startups and Family Business.**
2. **Certificate Course in Financial Modeling and Fundamental Analysis.**

विद्या परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय के वाणिज्य संकाय द्वारा दो 02 सार्टिफिकेट अल्पकालिक रोजगारपरक कोर्स **01- Certificate Course in Enterpreneurship Startups and Family Business** एवं **02- Certificate Course in Financial Modeling and Fundamental Analysis** (06 माह की अवधि के) को सत्र 2024–25 से संचालित किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही **Certificate Course in Enterpreneurship Startups and Family Business** में सरकार की One District-One Product (ODOP) योजना को विशेष रूप से सम्मिलित किया जाये एवं उद्योग विभाग के समन्वय से विभिन्न वित्तीय अनुदान/सहायता की योजनाओं को भी सम्मिलित किया जाये।

उक्त के अतिरिक्त विद्या परिषद् द्वारा विश्वविद्यालय के अन्य विभागों से भी रोजगारपरक सर्टिफिकेट कोर्स संचालित किये जाने हेतु प्रस्ताव प्राप्त किये जाने के निर्देश दिये गये। साथ ही विद्या परिषद् द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त यह भी सहमति व्यक्त की गयी कि इन सर्टिफिकेट कोर्सेज़ को ऑनलाइन/ऑफलाइन मोड में पृथक–पृथक एक–एक सेक्शन में चलाया जाये।

Anisha

कुलपति
ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती
भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ

सं0–7 **विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों की बोर्ड ऑफ स्टडीज़ (B.O.S) की बैठक के कार्यवृत्त के अनुमोदन पर विचार।**

विद्या परिषद् द्वारा **उर्दू विभाग** की बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक **(19.02.2024)**, **शारीरिक शिक्षा विभाग** की बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक **(28.08.2023)**, **भेषजी संकाय** की प्रथम बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक **(24.02.2024)**, **जैव प्रौद्योगिकी विभाग(बी0टेक0)** की बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक **(24.12.2023)**, **अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग (गणित)** की बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक **(08.01.2024)**, **अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग (इलेक्ट्रानिक्स)** की बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की **बैठक (09.01.2024)** एवं **अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग (भौतिक विज्ञान)** की बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक **(08.01.2024)** के कार्यवृत्त पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

साथ ही विद्या परिषद् द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) की व्यवस्थानुसार पाठ्यक्रम में वर्षानुवार यथावश्यक परिवर्तन करने हेतु विश्वविद्यालय के समस्त विभागों को बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक हेतु निम्नवत् निर्देश जारी करने के लिए कुलसचिव को निर्देशित किया गया–

"समस्त विभाग अपने–अपने विभाग के छात्र–छात्राओं से प्राप्त फीडबैक (Feedback) पर मंथन करें एवं विभाग Skill Development Courses में क्या–क्या कार्य कर रहे हैं, के सम्बन्ध में चर्चा करें तथा बोर्ड ऑफ स्टडीज़ में जो भी बाह्य सदस्य है, उनसे विशेषज्ञता के अनुरूप सुझाव प्राप्त करते हुये बोर्ड ऑफ स्टडीज़ की बैठक के विचारणीय बिन्दुओं में सम्मिलित करें।"

अन्त में समस्त सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विद्यापरिषद् की बैठक सम्पन्न हुई।

Bmisha
(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव / सदस्य सचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति / अध्यक्ष।
कुलपति
ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती
भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ